**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 14.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **कोयला राज्यमंत्री ने की झरिया मास्टर प्लान और पुनर्वास कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा, निर्माण कार्यों की निगरानी करेंगे आईआईटी और आईआईएम।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य संशोधित रिजल्ट मामले में जेएसएससी को प्रार्थियों की सीटें सुरक्षित रखने का दिया निर्देश, अगली सुनवाई 7 जुलाई को।**
3. **राज्य में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को हाईटेक बनाने की तैयारी, सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में लगेंगी ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें।**
4. **कोयला मंत्रालय की उच्च स्तरीय टीम ने रांची में की सीसीएल की समीक्षा, सोशल मीडिया और तकनीकी कार्यों में हिंदी के उपयोग को सराहा।**

   **और**

5. **रांची में वैज्ञानिक पद्धति आधारित लाह खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बांटे टूलकिट।**

**और अब समाचार विस्तार से**

**********************

केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला भवन में संशोधित झरिया मास्टर प्लान और जेआरडीए के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन विस्थापित परिवारों को उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बेलगढ़िया टाउनशिप और अन्य पुनर्वास क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों का सहयोग लिया जा रहा है।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य के संशोधित रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जेएसएससी को प्रार्थियों के लिए सीट सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए आगामी 7 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

**********************

वैश्विक संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने काफिले से गाड़ियां कम करने की पहल का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने स्वागत किया है। आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेताओं को भी प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**********************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की न भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री बचत की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के नेता जमीन पर काम करने के बजाय केवल फोटो खिंचाने और इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त हैं।

**********************

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में पूर्णतः ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें लगाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि पहले चरण के बाद इस योजना का विस्तार सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक किया जाएगा।

**********************

रांची में यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अधिकारियों को ब्लैक फिल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और नशे में

वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, ऑटो और टोटो चालकों के लिए यूनिफॉर्म अनिवार्य करने तथा स्कूलों के समय यातायात दुरुस्त रखने को कहा गया है।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ ने दो दशक की अल्पावधि में देश के 140 करोड़ नागरिकों का विश्वास जीता है। श्री शाह ने गाजियाबाद में आज एनडीआरएफ के राष्ट्रपति ध्व्ज समारोह में कहा कि देश में कहीं भी कोई आपदा आए या आने के संकेत मिले तब एनडीआरएफ की मौजूदगी से लोग सुरक्षित महसूस करते हैं।

*******************

कोयला मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय टीम ने रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। डॉ. माणिक चंद्र पंडित के नेतृत्व में आई इस टीम ने प्रशासनिक, तकनीकी कार्यों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर हिंदी के उपयोग का जायजा लिया। समीक्षा के दौरान सीसीएल प्रबंधन ने बताया कि राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025–26 में कुल 19 कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

*******************

रांची के लापुंग प्रखंड में सिद्धकोफ़ेड द्वारा वैज्ञानिक पद्धति आधारित लाह खेती प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस दौरान तीन पंचायतों के 377 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आगामी जून–जुलाई माह में प्रत्येक किसान को 5–5 किलो कुसुमी एवं रंगीनी लाह बीहन शत–प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

*******************

रांची के सिविल सर्जन ने राजधानी के सभी निजी अस्पताल संचालकों के साथ आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि योजना के तहत आने वाले पात्र मरीजों को बिना किसी परेशानी के कैशलेस इलाज की सुविधा मिलनी चाहिए।

*******************

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत केंद्रीय जांच टीम ने मानगो नगर निगम क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। सुबह एनएच–33 और बालीगुमा से शुरू हुए इस निरीक्षण में टीम ने कचरा संग्रहण प्रणाली का जायजा लिया और घरों में जाकर लोगों से सीधा फीडबैक लिया। इस दौरान मोबाइल ऐप के जरिए केंद्रीय सर्वर पर ग्राउंड रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज की गई।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज लगभग एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 595 अंक बढ़कर 75 हजार 204 पर और निफ्टी 208 अंक की वृद्धि के साथ 23 हजार 620 पर था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 50 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 3 लाख 5 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

पलामू जिले में कल देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में पेड़ गिरने से एक अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने संताल परगना प्रमंडल समेत कई जिलों में कल 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, वज्रपात और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 16 मई को भी रांची समेत 15 जिलों के लिए ऐसा ही ऑरेंज अलर्ट जारी रहेगा।

*******समाप्त************